हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 28 अप्रैल 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

14 आंगन मां शिक्षा कार्यक्रम से स्कूल में शिक्षा ...



12 ग्रामीणों ने पीएचई से मांगा था पानी नहीं हुई ...



# सालभर में खरगा तालाब सीसी रोड़ हुआ जर्जर, हादसे की आशंका बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/बेरला

नगर पंचायत बेरला मुख्यालय में खरगा तालाब के इर्द-गिर्द स्थानीय नगरीय प्रशासन द्वारा करीब सालभर पूर्व बनाये गए सीसीरोड सड़क की हालत दिन-प्रतिदिन बद-से-बदतर होती जा रही है, जो किसी रोज हादसे का कारण बन सकता है।

जिसके बावजूद जिम्मेदार शासन-प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जिससे बेरला शहर को बाईपास कर धमधा क्षेत्र से जोड़ने वाली छोटी सीसीरोड की सड़क पर चलना स्थानीय नगरवासियों के लिए काफी खतरनाक बन गया है। ज्ञात हो कि नगर पंचायत प्रशासन द्वारा पूर्व में इसका निर्माण लाखों रुपये की राशि से कराया गया था, जिसमे बिना साइड सोल्डर एवं सुव्यवस्थित एप्रोच के ही बनाकर ठेकेदार द्वारा नगर पंचायत को सौप दी गयी। जिसमे तालाब के किनारे तट पर करीब 400 मीटर की दूरी तक बने इस सड़क में साइड सोल्डर पर मुरम फील नही करने से हादसा होने का खतरा बढ़ गया है। इसके अलावा सड़क की गुणवत्ता खराब होने से अब सड़क बीचोबीच कई भागों में टूटकर विभाजित हो रहा है ल, जिससे सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे व दरारे दिखाई देने लगी है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में नगर क्षेत्र के आम नागरिकों एवं मुसाफिरों की निरंतर आवाजाही हो रही है जो काफी जोखिम भरा है।

### सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से सीसीरोड पर दुपहिया वाहनों की आवाजाही को पूर्णत प्रतिबंधित किया जाएगा



#### घटिया निर्माण पर कार्रवाई की मांग

इस सम्बंध में नगरवासियों की मांग है कि स्थानीय प्रशासन द्वारा इस निर्माण से सम्बंधित ठेकेदार के ऊपर बिना साइड सोल्डर व मुरम भराव के सीसीरोड निर्माण पर ब्लैकलिस्टेड सहित अन्य कानूनी कार्यवाही किया जाना चाहिए। साथ जर्जर हो रहे सड़क की मरम्मत कर आवागमन मार्ग को सुरक्षित किया जाना चाहिए। ताकि इस सीसीरोड से गुजरने पर किसी तरह का दुर्घटना न हो। इस सम्बंध में नगर पंचायत बेरला के इंजीनियर मयंक राठौर ने बताया कि दरअसल खरगा तालाब के पार पर सड़क बनना ही नही था और जब पिछले पंचायत कार्यकाल में उक्त तालाब के मेड पर सीसीरोड की स्वीकृति मिली तो स्टीमेट में साइड सोल्डर का प्रावधान नही था, क्योंकि सीसीरोड मेड पर बना है जहां एक ओर तालाब तथा दूसरी ओर खेत बना हुआ है जिस पर साइड सोल्डर टिक पाना नामुमकिन है वही खतरे की आशंका पर आगामी दिनों इसके सम्बंध में चर्चा कर सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से सीसीरोड पर दोपहिया वाहनों की आम आवाजाही को पूर्णत प्रतिबंधित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पिकअप वाहन में पशु तस्करी, आरोपी पकड़ाया

**राजनांदगांव।** पिकअप वाहन में पशु तस्करी किए जाने की सूचना पर पुलिस ने वाहन से मवेशी बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना छुरिया पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। 27 अप्रैल को पुलिस ने मूखबीर सूचना पर छुरिया फॉरेस्ट नाका के पास आरोपी शीतल राठौर निवासी नागपुर द्वारा अपने पिकअप वाहन में तीन नग मवेशियों को बिना चारा-पानी के ठूंस-ठूंसकर भरकर अवैध तरीके से कत्लखाना (महाराष्ट्र) परिवहन करते पाए जाने पर कार्रवाई की है। आरोपी के कब्जे से तीन नग भैंस, एक नग पिकअप वाहन एवं एक नग एंड्राइड मोबाइल को जब्त किया व आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपियों के विरुद्ध पृथक से वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक संतोष भुआर्य, सहायक उपनिरीक्षक सत्तूलाल कंवर, आरक्षक अश्विन वर्मा, द्वारका कलारी, भुवनेश्वर वर्मा एवं अन्य थाना स्टाफ का कार्य सराहनीय रहा।

### बांग्लादेशी, संदिग्धों की पहचान के लिए मुहिम

**राजनांदगांव।** जिले में बाहर से आए मुसाफिरों, फेरी वालों, बांग्लादेशी व अन्य संदिग्धों की पहचान के लिए पुलिस ने अभियान चलाया है। जिसके तहत लगभग 170 लोगों की जांच की गई। जिसमें किसी प्रकार के बांग्लादेशी व्यक्ति नहीं पाए गए। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में जिले में हो रही चोरी आदि की घटना की रोकथाम के लिए अभियान के तहत 26 अप्रैल को सभी थाना व चौकी में अभियान चलाकर बांग्लादेशी एवं अन्य बाहरी मुसाफिरों को चेक किया जा रहा है। साथ ही संदिग्ध किरायेदारों की भी चेकिंग की जा रही है। इसी तारतम्य में थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा अभिनंदन गैलेक्सी अपार्टमेंट, इंदिरा नगर एरिया, इस्कान वाटिका, पनेका चौक, उत्सव अपार्टमेंट बसंतपुर रोड़ में जाकर लगभग 60 लोगों से पूछताछ किया गया। थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा न्यू बस स्टैंड इंदिरा आवास में करीब 50 लोगों को चेक किया गया। थाना सोमनी पुलिस द्वारा कोपेडीही, कल्याणी इस्पात एरिया में चेकिंग अभियान चलाया गया।

### राज्य सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए प्रतिबद्ध : डिप्टी सीएम

**कवर्धा।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा रविवार को सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम नवागांव में आयोजित महरा झारिया समाज के भव्य सामाजिक सम्मेलन में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए महरा समाज के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि महरा समाज की एकता, मेहनत और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराएं समूचे प्रदेश के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि छत्तीसगढ़ सरकार समाज के हर वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार समाज के हर वर्ग को समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे के विकास के क्षेत्र में कई प्रभावी योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान पीएम जनमन, युवाओं के लिए स्वरोजगार योजनाएं और महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों का विस्तार से उल्लेख करते हुए बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी पात्र व्यक्ति इन योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

### लापरवाही : क्षेत्रवासियों को हो रही परेशानी और शासन-प्रशासन को परवाह नहीं

# समय सीमा समाप्त, करोड़ों का चेटवा उच्चस्तरीय पुल और एप्रोच रोड अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

सेतु लोकनिर्माण विभाग अंतर्गत शिवनाथ नदी पर ग्राम चेटवा व किरितपुर के बीच निर्माणाधीन उच्चस्तरीय पुल फिलहाल निर्माण अवधि के समयसीमा खत्म हो जाने के सालभर का वक्त गुजर जाने के बावजूद भी अधूरा पड़ा हुआ है, जिसमे अभीतक न तो ब्रिज विभाग ध्यान दे पा रहा है और न ज़िला प्रशासन। आलम यह है कि क्षेत्र में करोड़ो रूपये की लागत से तैयार हो रहा यह उच्चस्तरीय पुल बिना एप्रोच के महज ढांचा बनकर शो-पीस की तरह खड़ा है। जिससे स्थानीय क्षेत्रवासियों को जमकर परेशानी हो रही है तो वही शासन की क्षेत्र के लिए बनाई महत्वपूर्ण विकास कार्य बर्बाद होने की कगार पर है। दरअसल ज़िले की लाइफलाइन शिवनाथ नदी पर स्थित चेटवा ,किरितपुर गाँव सहित दोनों इलाके के बीच कनेक्टिविटी को सुगम व सरल बनाने के लिए विगत अप्रैल वर्ष 2022 में इस नदी पर उच्चस्तरीय पुल की स्वीकृति मिली थी, जिसकी लागत करीब 23 करोड़ रुपये एवं निर्माण की अंतिम समयसीमा मई 2024 रखी गयी थी एवं 05 वर्ष की गारन्टी सीमा के साथ कार्य स्वीकृत होते उच्च वर्ग के ठेकेदार चन्द्रशेखर राव ने निर्माण कार्य तेज गति से शुरू भी कर दी। किन्तु इसी बीच दुर्ग स्थित सेतु लोकनिर्माण संभाग एवं कवर्धा ब्रिज सबडिवीजन अंतर्गत निर्माणाधीन प्रोजेक्ट के लिए ग्राम किरितपुर के तरफ की जमीन अधिग्रहण का मामला विभागीय कागजो में फंस गया जिसके कारण अधूरे अधिग्रहण के कारण कार्य मे देरी होने का खामियाजा ठेकेदार को भुगतना पड़ा और ठेकेदार ने बिना एप्रोच के ही अपना कार्य पूर्ण कर लिया। वही अधिग्रहण वाला मामला फंसने के कारण ठेकेदार ने ब्रिज विभाग की निष्क्रियता व उदासीनता के कारण कार्य को अधूरा ही छोड़ दियाम लिहाजा सालभर का वक्त गुजर जाने के बावजूद पुल का प्रोजेक्ट अधूरा पड़ा है जिसकी परवाह न ठेकेदार को है और न ही जिम्मेदार प्रशासनिक अफसरों को । जिसका खामियाजा अब बरसात के शुरू होते ही स्थानीय क्षेत्रवासियों को उठाना पड़ेगा। उक्त इलाके के एनीकट बन्द हो जाने पर आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

- बरसात में आवागमन में होगी परेशानी, क्षेत्र के कई गांवों में आवगमन होगा प्रभावित



#### विभागीय लेट लतीफी कारण समय

इस सम्बंध में इस वृहद पुल के ठेकेदार चन्द्रशेखर राव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि विभागीय लेट-लतीफी व अधिग्रहण के कारण प्रोजेक्ट पूर्ण नही हो पाया। जिसमे सेतु विभाग के अफ़सरो की जवाबदेही बनती है। जबकि इस उच्चस्तरीय पुल निर्माण से जुड़े सब इंजीनियर नवीन सिंह एवं कवर्धा सबडिवीजन के एसडीओ-बीएल पटेल ने कॉल रिसीव नही किया। जबकि दुर्ग सेतु डिवीजन के कार्यपालन अभियंता बदल जाने से समाचार में उनका पक्ष नही मिल पाया।

## राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा बेसबॉल में दीक्षा को मिला रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



68 वी राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बेसबॉल 17 वर्ष बालक- बालिका का आयोजन दिल्ली में 22 से 27 तक किया गया। जिसमें बालक और बालिका दोनों टीम में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर किया।

फाइनल मैच मेजबान टीम दिल्ली के साथ था। छत्तीसगढ़ की टीम ने दिल्ली की टीम से कड़ा संघर्ष किया। लेकिन परिणाम दिल्ली के ही पक्ष में रहा और छत्तीसगढ़ की टीम को उपविजेता बनना पड़ा। छत्तीसगढ़ द्वितीय स्थान पर रहा और उसे रजत पदक प्राप्त हुआ। इस मैच में नगर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय शिवलाल राठी स्कूल की 10 वी की अध्ययनरत छात्रा कु दीक्षा पांडेय ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया व अपने टीम को रजत पदक विजेता बनाने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उसी के साथ छत्तीसगढ़ के दल प्रबंधक मृत्युंजय शर्मा, दिनेश वर्गिश, अख्तर खान का विशेष मार्गदर्शन रहा। बच्चों की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.कमल कपूर बंजारे, डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे, जिला क्रीड़ा अधिकारी मनोज बख्शी, डाइट व्याख्याता थलज कुमार साहू, प्राचार्य सुदेशा चटर्जी, विजय पांडेय, सोमप्रभ श्रीवास व शाला परिवार ने बधाई सहित उज्जवल भविष्य की।

- छत्तीसगढ़ द्वितीय स्थान पर रहा और रजत पदक प्राप्त हुआ

## शहर के गली-मोहल्ले में आईपीएल सट्टा जोरों पर कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

शहर में बेखौफ होकर क्रिकेट सट्टा के साथ साथ अंकों वाला सट्टा का कारोबार बेफिक्र होकर चल रहा है। इन सट्टे के खाईवाल को पकड़ने में जिले की पुलिस के लंबे हाथ खाली रह रहे हैं केवल मोबाइल में सट्टा खिलाने वाले छूटभैई किस्म के सटोरियों को पकड़ कर खानापूर्ति की जा रही है ! डीजीपी के निर्देश के बाद भी शहर में बेखौफ आईपीएल मैच में क्रिकेट सट्टा तो खिलाया जा रहा है, वही शहर के कबीर कूटी के पीछे रहने वाले एक सट्टा खाईवाल ने तो बाकायदा अंकों में होने वाले सट्टे का संचालन बीते वर्षों से बैखौफ रूप से किया जा रहा है इस सट्टे बाज ने नए बस स्टेंड व चौपाटी स्थित ठेले वालों को अपना एजेंट बनाकर रखा है जिन्हें शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब तबके युवा एक का दस बनाने के चक्कर में अपना घर बर्बाद कर रहे हैं।

ये नगद राशि व हाथ में पर्ची में अंकों का उल्लेख कर एजेंटों देते हैं। कई लोग मोबाइल से अंक लिखवातें । बहरहाल शहर के कई चर्चित खाईवाल आराम से अपने ठिकानों में बैठकर रोज सट्टे में लाखों का वारा न्यारा कर रहे हैं ,अब तक थानेदारों ने एक भी क्रिकेट सट्टा खिलाने वालों को नहीं पकड़ पाई है जबकि शहर के सभी इलाकों में सटोरिए सक्रिय होकर सट्टा खिला रहे हैं ।



- छोटे-मोटे खाईवाल की गिरफ्तारी महज दिखावा, मुख्य आरोपियों से पुलिस दूर

#### इन इलाकों में सक्रिय सटोरिए

शहर के बाजार पारा ,नया बस स्टेंड, रायपुर रोड ,चौपाटी ,कोबिया बस्ती चौक , गौरव पथ रोड, नयापारा, पुराना बस स्टैंड स्थित पंजाबी पारा, कचहरी पारा, सिंघोरी के पास धड़ल्ले से सट्टा खेला जा रहा है ! एक ओर शहर के कुछ चर्चित खाईवाल प्रदेश से बाहर अपना ठिकाना बना कर क्रिकेट सट्टा खिला रहे हैं वहीं कुछ खाईवाल बेखौफ होकर पुलिसिया सेटिंग के चलते शहर में ही सट्टा खिला रहे हैं जो पिछले वर्ष आईपीएल सीजन में पुलिस के डर के मारे अन्य प्रदेश में जाकर अपनाया कारोबार चलाते अब यही रह कर बड़े आराम से सट्टे का खेल खिला रहे हैं इसके अलावा सटोरिए बकायदा वसूली करने के लिए किराए पर आदमी रखें जो मैच खत्म होने के बाद वसूली करने में लगे रहते हैं ! पुलिस के पास खाई वालों की कुंडली है उसके बाद भी एक भी बड़े खाई वालों को नहीं पकड़ पाई है ,जबकि शहर मैं लोगों की जुबान पर सट्टा खाई वालों का नाम है !

#### सट्टे से कई युवा बर्बाद, एक नाबालिग ने दी थी जान

शहर में युवाओं के बीच आईपीएल का सट्टा हो या फिर अंकों वाला नशे के समान घुस चुका है जिसके चलते कई युवा बर्बादी की कगार पर आ गए हैं! बकायदा वे अपने घर में मां बाप को झूठ बोलकर उनके पैसे को सट्टे में लगा रहे और बड़ी रकम हारने के बाद गलत कदम उठाने में से भी नहीं चूक रहे हैं ! कुछ युवाओं ने तो बकायदा बैंक से बिजनेस करने के नाम पर लोन लिया है और आईपीएल सट्टे खाई वालों को बैंक से लोन पर उठाएं उस पैसा का भुगतान किया ! बीते वर्ष पहले 16, 17 साल का युवक आईपीएल सट्टे के चलते नदी में कूदकर जान दे दी, शहर में उस घटना के बाद हड़कंप मच गया था फिर पुलिस ने इसमें तहकीकात कर एक दो लोगों के विरुद्ध जुर्म में भी दर्ज किया था ।

## गोस्वामी समाज मनाएगा 4 को आदि शंकराचार्य जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज के द्वारा 04 मई रविवार को राजधानी रायपुर के शहीद स्मारक भवन में भगवान श्री आद्य जगतगुरु शंकराचार्य जन्मोत्सव की धूमधाम से मनाने की तैयारी में प्रदेश स्तर के गोस्वामी समाज के पदाधिकारी जूटे हुए हैं ।

बेमेतरा गोस्वामी समाज के वरिष्ठ सदस्य अरविंदपूरी गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम मंत्रोच्चार के साथ सुबह 10:00 बजे से शुरू होगा।पूजा अर्चना पश्चात शंकराचार्य पर केन्द्रित ब्याख्यान होगा अतिथि स्वागत होगा । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरुण साव, अध्यक्षता



महापौर मीनल चौबे एवम रामसुंदर दास महाराज मंडलेश्वर एवम पीठाधीश्वर दुधाधारी मठ विशिष्ठ अतिथि होंगे श्री श्री 1008श्री महंत विवेक गिरी महाराज थानापति गौर कांपा आश्रम (मुंगेली) विशिष्ठ अतिथि एवम सच्चिदानंद गिरी राष्ट्रीय ▸▸| शेष पेज 13 पर

## चली आंधी व हुई बूंदा-बांदी, तापमान गिरा और लोगों को गरमी से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

रविवार की शाम तेज गर्मी के बीच एकाएक मौसम परिवर्तन के साथ आँधी-तूफान व बूंदाबांदी ने आमलोगों को बड़ी राहत प्रदान कर दी है। बारिश ओर ठंडी हवा से तापमान में जहां गिरावट आई ।

बता दें कि दो-तीन दिनों से जिलेभर में हल्की बूंदाबांदी व हवाबाजी के हालत देखने को मिल रहा है। जबकि इस मौसमी परिवर्तन का क्षेत्र में असर यह है कि दोपहर के बाद तापमान में एकाएक गिरावट देखने को मिलता है, जिसके कारण तेज गर्मी से त्रस्त लोग राहत की सांस ले रहे है। वही इस मौसमी बदलाव के साथ आंधी-तूफान के कारण ग्रामीण इलाक के लोग बिजली गुल की समस्या से प्रभावित हो रहे है। कल रविवार की बात की जाए तो मुख्यालय बेमेतरा से लेकर थानखम्हरिया, साजा, देवकर, बेरला, भिम्भौरी, दाढ़ी, नवागढ़, नांदघाट सहित समूचे 09 तहसीलों में इस मौसमी परिवर्तन का असर देखने को मिला। जिसमे शाम ढलते ही बादलों ▸▸| शेष पेज 13 पर



### जल संकट और सफाई व्यवस्था पर जताई नाराजगी

# विधायक दीपेश ने रात में भ्रमण व समस्याओं पर किया जन संवाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

नगर की जनसमस्याओं को जमीनी स्तर पर समझने और त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विधायक दीपेश साहू शनिवार रात्रि स्कूटी पर सवार होकर नगर के वार्ड क्रमांक 03, 04 एवं 07 के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे। रात्रि भ्रमण के दौरान विधायक ने मोहल्ले-मोहल्ले जाकर नागरिकों से सीधा संवाद किया और पानी आपूर्ति, नाली सफाई, बिजली व्यवस्था तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली।

नगरवासियों की समस्याएं सुनने के बाद विधायक साहू ने मौके पर ही नगर पालिका अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश जारी किए। सिंधी कॉलोनी में जल संकट की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने तत्काल टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति प्रारंभ करने तथा स्थायी समाधान के लिए नए बोर खनन के निर्देश दिए। इसी तरह वार्ड क्रमांक 07 में घर-घर जाकर जल समस्या की जानकारी ली 1 और कहा नए बोर खनन जो हुए है आज रात से ही नियमित जल आपूर्ति शुरू हो जाएगी 1

नगरवासियों ने कहा कि लंबे समय बाद कोई जनप्रतिनिधि सीधे गलियों में आकर हमारी समस्याएं सुन रहा है। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, पार्षद रवि मुलवानी, सजनी यादव, रेवा राम निषाद, दीनानाथ साहू, ओमकार साहू सहित नगर पालिका अधिकारी सीएमओ कोमल सिँह ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि व नगरवासी मौजूद रहे 1



#### सफाई व्यवस्था पर जताई नाराजगी

निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था की बदतर स्थिति देखकर विधायक साहू ने नगर पालिका सीएमओ को सख्त फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि “सिर्फ फोटो खिंचवाने से काम नहीं चलेगा, जमीनी हकीकत में भी साफ-सफाई दिखनी चाहिए।” साथ ही अधिकारियों को 24 घंटे के भीतर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के स्पष्ट निर्देश दिए। रात्रि भ्रमण पर आमजन ने विधायक की इस पहल का स्वागत करते हुए भरोसा जताया कि समस्याओं का निराकरण शीघ्र होगा।

## खबर संक्षेप



### 18 हितग्राहियों को लॉटरी से किया गया पीएम आवास का आवंटन

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास के तहत निगम क्षेत्र के 18 हितग्राहियों को पात्रता के अनुसार मकान का आवंटन लाटरी निकालकर किया गया। हितग्राही मकान की 10 फीसदी अंशदान राशि जमा किए थे। महापौर श्रीमती अलका बाघमार की उपस्थिति में उन हितग्राहियों को बुलाकर लाटरी की पर्ची उनके हाथो से निकलवाया गया। उनके हाथ में जो मकान नं पर्ची में लिखा था, उसे आवंटन कर दिया गया। बता दें कि मोहन लाल सोनी दिव्यांग भूतल आवास आबंटन माँ कर्मा आवास, पुष्पा गौतम, सरस्वती नगर, यिष्का जयसवाल, गणपति विहार, प्रेमलता निषाद माँ कर्मा के अलावा माँ कर्मा 5, सरस्वती नगर 6, गोकुल नगर 2, गणपति विहार 5, कुल 18 हितग्राहियों को पात्रता के मुताबिक मकान का आवंटन किया गया।इस मौके पर महापौर श्रीमती अलका बाघमार, लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर, स्वास्थ्य प्रभारी नीलेश अग्रवाल, एमआईसी सदस्य शशि साहू, हर्षिका जैन, नोडल व कार्यपालन अभियंता दिनेश कुमार नेताम मौजूद थे।

### उधारी के पैसे मांगे तो कर दी मारपीट गिरफ्तार कर जेल भेजा

**भिलाई।** थर्माकोल कटर से प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रार्थी दिलीप जाधव ने बताया कि आरोपी कृष्णा गायकवाड को उसने उधार पैसे दिए थे। जब उसने पैसे मांगे तो आरोपी ने उसके ऊपर प्राणघातक हमला कर दिया जिसमें उसे गंभीर चोटें आईं हैं। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सुपेला में आरोपी कृष्णा गायकवाड के विरूद्ध धारा 109 (1) बीएनएस का मामला दर्ज कर जांच में लिया। सुपेला पुलिस टीम ने तत्काल आरोपी कृष्णा गायकवाड घेराबंदी कर गिरफ्तार किया । न्यायालय पेश कर केन्द्रीय जेल दुर्ग भेज दिया गया है।

### चौपाटी के गंदा पानी से दुर्गंध

**भिलाई** । सिविक सेंटर में चौपाटी की दुकानों का गंदा पानी यहां ओपनएयर थिएटर के निकट जमा होने से गंदगी का माहौल है। चौपाटी क खोमचों के जूठन और बर्तनों आदि धोने के गंदे पानी के जमा होने से दुर्गंध का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि बाईं ओर ओपन एयर थिएटर के आसपास भी कचरा जमा है। दुकानवालों को मना करने पर भी गंदा पानी यहां छोड़ा जा रहा है।

### राष्ट्रीय वेटरन एथलेटिक्स में जीता सिल्वर मेडल

**भिलाई।** मैसूर कर्नाटक में आयोजित 5000 मीटर की दौड़ में



सुरेश कुमार ने सिल्वर मेडल जीता है। भिलाई स्टील प्लांट के कर्मचारी ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। वे प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहे। उनकी इस उपलब्धि पर पूरी ट्विनसिटी ने उन्हें बधाई दी है।

---

**जलसंकट : विगत 21 अप्रैल को जनदर्शन में लगाई थी कलेक्टर से गुहार**

# ग्रामीणों ने पीएचई से मांगा था पानी नहीं हुई सुनवाई, अब करेंगे हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पिछले 21 अप्रैल को कलेक्टर जनदर्शन में अंजोरा ढाबा के ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या होने पर गुहार लगाई थी। नाराज ग्रामीणो ने अपनी पीडा बताते हुए तीन दिन का अल्टीमेटम दिया था। लेकिन सप्ताहभर बाद भी सुनवाई नही होने से अब ग्रामीणों ने भूख हडताल पर बैठने का फैसला किया है और इसकी सूचना जिला और संबंधित थानों में दिया गया हैं।

मुख्यालय से लगा अंजोरा ढाबा गांव में गंभीर पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हैं। कलेक्टर जनदर्शन में फरियाद के बाद भी पेयजल के लिए प्लास्टिक के डिब्बों की कतार लगाने की परेशानी से मुक्ति नहीं मिल पाई। इससे नाराज ग्रामीणों ने अब प्रशासन के खिलाफ अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का ऐलान कर दिया है। ग्रामीणों ने इस संबंध में एसडीएम हरवंश सिंह मिरी और संबंधित थाना के प्रभारी को सूचना पत्रक सौंप दिया है। मामले में ग्रामीणों ने अधिकारियों की गंभीरता पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि, अब पानी की व्यवस्था के बिना वे भूख हड़ताल से नहीं हटेंगे।

**पिछले जनदर्शन में ग्रामीणों ने सौंपा था कलेक्टर को ज्ञापन**



#### पीएचई ने किया हाथ खड़े

धर्मेश देशमुख ने बताया कि, जनदर्शन में शिकायत के बाद पीएचई विभाग के अधिकारी गांव आए थे। यहां सप्ताहभर पहले तालाब के अंदर बोर कराया गया है। बोर कराने के बाद ग्रामीणों ने यहां बोरवेल्स मशीन लगाने की मांग की। जिस पर एसडीओ पीएस ठाकुर ने कहा, हमं हैडपंप लगाने का अधिकार है, विभाग के पास बोरवेल्स मशीन लगाने का प्रावधान नही है। ऐसे में ग्रामीणों ने कहा कम से कम टैंकर से पानी की व्यवस्थ कराएं। जिस पर भी अफसरों ने प्रावधान नही होने की बात कहकर ग्राम पंचायत के फंड से व्यवस्था करने को कहा और आज तक पेयजल की समस्या नही सुलझी हैं।

#### ग्रामीणों का ऐलान अब भूख हड़ताल

एसडीएम को सौंपे गए सूचना पत्रक में ग्रामीणों ने पानी की व्यवस्था नहीं किए जाने के विरोध में सोमवार 28 अप्रैल से नगपुरा चौक पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल किए जाने की जानकारी दी है। अंजोरा (ढा) के ग्रामीण युकां नेता धर्मेश देशमुख के नेतृत्व में भूख हड़ताल शुरू किए जाने की जानकारी दी गई है। ग्रामीणों ने पानी की व्यवस्था नहीं किए जाने तक आंदोलन में डटे रहने की बात कही है। गांव में 2500 से ज्यादा आबादी वाले अंजोरा ढाबा के लोगों की प्यास एकमात्र बोरवेल से बूझ रही है। यहां के लोगों को पानी की जरूरत की पूर्ति के लिए एकमात्र बोरवेल के सामने सुबह से प्लास्टिक के खाली डिब्बों की कतार लगानी पड़ती है।

---

# प्राण घातक हमले के आरोपी को 10 साल सश्रम कारावास

### अन्य आरोपियों को भी मिली सजा और अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ मामला वैशालीनगर थाने का

अष्टम सत्र न्यायाधीश श्रीमती श्यामवती मरावी ने प्राण घातक हमले के एक प्रकरण की सुनवाई करते हुए दोष सिद्ध पाए जाने के बाद हमले के एक आरोपी को 10 साल सश्रम कारावास व हमले में शामिल परिवार के अन्य लोगों को भी सजा व अर्थदंड दी है।

अभियोजन के अनुसार 5 अगस्त 2021 को सुबह करीब 6 बजे कैंप 1 आजाद मोहल्ला वैशाली नगर थाने के अंतर्गत रजिंदर कौर अपने घर के सामने गली में बेटी गुरप्रीत कौर के साथ खड़ी थी। उसी समय कृपा शंकर मिश्रा का लड़का गोपाल मिश्रा अपने मोटर साइकिल को तेजी से चलाते हुए गुरप्रीत कौर को मोटर साइकिल की चपेट में लेने का प्रयास किया। जिस पर प्रार्थिया ने मोटर साइकिल को तरीके से चलाने की बात कही। इसी बात से गोपाल मिश्रा ने रजिंदर कौर और उसकी बेटी गुरप्रीत कौर को जान से मारने की धमकी देकर गालियां देने लगा। झगड़ा देखकर गोपाल मिश्रा की मां मंगला देवी, उसके पिता कृपाशंकर मिश्रा, भाई किशन एवं उसके सहयोगी धरम सिंह एवं पूजा ने एक राय होकर डंडा, लाठी और फावड़े से मारपीट शुरु कर दी। झगड़े में बीच-बचाव करने आई प्रमिला देवी के सिर पर आरोपी गोपाल ने फावड़े से वार किया। जिसके कारण उसके सिर में गंभीर चोट आई। आरोपीगण धरम सिंह व कृपा शंकर ने डंडे से मारपीट की। प्रार्थिया रजिंदर कौर की रिपोर्ट पर वैशाली नगर पुलिस ने धारा 294, 506, 323, 147 कर अग्रिम विवेचना प्रारंभ की। संपूर्ण विवेचना कर आरोपीगणों के विरुद्ध 307 के तहत मामला पंजीबद्ध कर अभियोग पत्र विचारण के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया। अभियोजन की ओर से 12 गवाह बनाए गए और सभी का परीक्षण किया गया। विचारण उपरांत न्यायालय ने पाया कि आरोपी गोपाल मिश्रा को धारा 307 का दोषी मानते हुए 10 साल सश्रम कारावास 500 रुपए अर्थदंड। अर्थदंड नहीं पटाने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास की सजा दी है। आरोपी मंगला मिश्रा, कृपाशंकर मिश्रा और आरोपी पूजा उर्फ गुरप्रीत कौर को धारा 294 में 15 दिन सश्रम कारावास और 323, 34 में एक माह व 100 रुपए अर्थदंड दिया गया है। शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक अरविंद कुमार चंदेल ने पैरवी की।

---

# यूआरएम में नया रिफिनिशिंग कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



इस्पात संयंत्र ने यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) में नए रिफिनिशिंग कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन का निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने किया। वरिष्ठ अधिकारियों और कार्यपालकगण की उपस्थिति में इस नवीन सुविधा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सभी ईडी उपस्थित थे। रिफिनिशिंग कॉम्प्लेक्स परियोजना का कार्य मेसर्स मैको कॉर्पोरेशन (इंडिया) प्रालि एवं मेसर्स यूजीआई इंजीनियरिंग वर्क्स प्रालि को सौंपा गया था। इस परियोजना को महाप्रबंधक प्रभारी एमवी रामप्रसाद तथा उनकी टीम, महाप्रबंधक डीकेजायसवाल, महाप्रबंधक जी. वाधवा, उपमहाप्रबंधक अभिषेक श्रीवास्तव, सहायक महाप्रबंधक के मानकर एवं वरिष्ठ प्रबंधक सीपी तिवारी के सहयोग से पूर्ण किया गया। 2024 को कमीशन किया गया यह नया रिफिनिशिंग कॉम्प्लेक्स, 65 मीटर लंबे दोषयुक्त रेलों को दोष स्थान के अनुसार 13 मीटर एवं 26 मीटर की उपयोगी लंबाई में काटकर पुनः प्रयोग के लिए तैयार करने के लिए विकसित किया गया है। यह रणनीतिक सुविधा जीपी-1 एवं जीपी-2 रोलर टेबल्स का अधिकतम उपयोग करते हुए यूनिवर्सल रेल मिल में 130 मीटर लंबी रेलों के उत्पादन क्षमता में वृद्धि सुनिश्चित करेगी।

### कोक ओवन बैटरी-7 की चिमनी-सात का प्रज्वलन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र ने कोक ओवन बैटरी-7 एवं 8 के पुनर्निर्माण' परियोजना के तहत बैटरी-7 की चिमनी-7 का सफलतापूर्वक प्रज्वलन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता थे। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एस. मुखोपाध्याय, प्रवीण निगम, बीके गिरी, राकेश कुमार, डॉ. रविंद्रनाथ एम, सीजीएम अनुराग उपाध्याय, उमेश भारद्वाज, तुलाराम बेहेरा, प्रणय कुमार, मानस कुमार गुप्ता उपस्थित थे। चिमनी-7 के भीतर मरम्मत एवं रिफ्रैक्टरी कार्य का निष्पादन भिलाई की फर्म मेसर्स बीईसी द्वारा मेसर्स सीयूआई, तकनीकी पर्यवेक्षण में किया गया।

---

# नए जिलाध्यक्ष पहुंचे जेवरा सिरसा ब्लॉक में कांग्रेसियों के बीच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



चिलचिलाती धूप और भरी गर्मी में जेवरा सिरसा ब्लाक में पहली बार पहुंचे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करते हुए नए जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने सगंठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने पर बल दिया।

कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त दुर्ग (ग्रामीण) जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर का जेवरा सिरसा में प्रथम आगमन पर ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया । इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जेवरा सिरसा के अध्यक्ष अशोक साहू सहित कांग्रेस के नेता, कार्यकर्ता और समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। जेवरा सिरसा पहुंचे जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि वह कांग्रेस पार्टी की नीतियों और शासन की विफलाताओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी तत्परता से कार्य करेंगे। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी के कार्यकर्ताओं के हित में काम करने का वचन दिया। श्री ठाकुर ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने की अपील कीश्री ठाकुर ने कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी किया। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कॉंग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए एवं पार्टी के रीति नीति के बारे में अवगत कराते हुए पुनः छत्तीसगढ़ में कॉंग्रेस पार्टी को जिताने के लिए संकल्प लिया। इस दौरान जेवरा जगदीश मार्कण्डेय, राधेश्याम यादव, प्रशांत गौतम, मोहित साहू, टुन्ना लाल देशमुख, उमेश साहू आदि मौजूद थे।

---

# नेशनल हाईवे व मालवीय रोड से कंडम वाहनों को हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

यातायात पुलिस ने जिले की यातायात व्यवस्था और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मुहिम शुरु कर दी है। पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर मॉनिटरिंग करते नजर आ रहे है।

अधीक्षक यातायात ऋचा मिश्रा नो पार्किंग में पिछले कई महीनों से खड़े कंडम वाहनों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है।

इन वाहन मालिकों को पूर्व में भी पुलिस ने चेतवानी देकर छोड़ा था। लेकिन उसके बाद वाहन मालिकों ने नो पार्किंग जोन से कंडम वाहनों को हटाने की जहमत नहीं उठाई। इसके बाद पुलिस ने बीते तीन दिन से इस कार्रवाई को शुरु कर दिया है। शहर में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के तहत जिले के प्रमुख मार्ग नेशनल हाईवे, सर्विस रोड, मालवीय नगर रोड, जेल तिराहा रोड, डबरा पारा से हाथ खोज मार्ग, मुर्गा चौक से खुर्सीपार रोड, सेक्टर 10 मार्ग, बोरसी रोड, में खड़ी 47 कंडम वाहनों को हटाया गया। उधर 187 वाहनों पर नो पार्किंग की कार्यवाही की गयी। वहीं जिले के प्रमुख चेकिंग पॉइंटों पर शाम 6 बजे से देर रात तक लापरवाह शराब पीकर वाहन चलाने वाले , दो पहिया वाहन में तीन सवारी, काली फिल्म वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए विगत तीन दिन में 676 वाहन चालकों से समंस शुल्क वसूल किया गया।

---

# नवीन कानूनों से नागरिकों को मिलेगा जल्द न्यायः एसएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नवीन भारतीय न्याय संहिता आम नागरिकों को न्याय दिलाने के लिए बनाया गया है। जिससे आम नागरिकों को न्याय मिलने में विलम्ब न हो।पुलिस और न्यायालय के लिए समय निर्धारित किया गया है। इससे पीड़ितों को जल्द राहत मिलेगी। पुलिस इसके लिए पूरी तरह गंभीर और प्रतिबद्ध है।

यह बात एसएसपी विजय अग्रवाल ने एसएनजी स्कूल सेक्टर 4 आडिटोरियम में नवीन आपराधिक कानूनों पर प्रशिक्षण कार्यशाला में कही। । उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत



सरकार द्वारा पूर्व प्रचलित आपराधिक कानूनों के स्थान पर तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारत साक्ष्य अधिनियम बनाया गया है । यह एक जुलाई वर्ष 24 से प्रभावशील है। नवीन कानूनों में जल्द महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराध को स्पष्ट करते हुए परिभाषा एकजाई किया गया है। जिसमें बच्चों की परिभाषा दी गई कि बच्चा कौन है, महिलाओं से संबंधित अपराधों में दण्ड का प्रावधान करते हुए इसे कठोर बनाया गया है। धारा 4 भारतीय न्याय संहिता में सामुदायिक सेवा, न्याय व्यवस्था का दण्ड से न्याय की ओर बढ़ता कदम है। एसएसपी ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत कहीं अपराध होता है और आप यदि घर पर उपस्थित नहीं है, तो जहां पर आप उपस्थित हो, वहां पर आप एफ.आई. आर. करवा सकते हैं। एफआईआर करना पुलिस का दायित्व है।

---

# सीएमएचओ का घेराव कर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के स्वास्थ्य विभाग में कल अधिकारी, कर्मचारी में जबरदस्त आक्रोश रहा, लगभग 400 अधिकारी, कर्मचारी सीएमएचओ कार्यालय का घेराव कर जोरदार नारेबाजी किए। ततपश्चात मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी ने कर्मचारी नेताओं को बुलाकर चर्चा किये, इस चर्चा में प्रमुख रूप से वीएस राव कार्यकारी प्रांताध्यक्ष स्वास्थ्य एवं बहुद्देश्यीय कर्मचारी संघ एवं एनएचएम के जिलाध्यक्ष डॉ. आलोक शर्मा, संजीव दुबे, लक्की दुबे, ऋचा मेश्राम, शेखर ताम्रकार, चंद्रहास धनकर, दिव्या लाल, संजय यादव, गजेंद्र गुप्ता, चंद्रेश रिगरी, योगेश गहिरवार तथा लगभग 400 अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। संघ ने स्वास्थ्य विभाग में बायो मेट्रिक एप्प का विरोध किया। फील्ड के कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक बिल्कुल नही लगाने की मांग की गई। एनएचएम के शहरी इकाई दुर्ग, भिलाई, चरोदा के 410 अधिकारी-कर्मचारियों का वेतन 2 माह से लंबित तत्काल आहरण करने की मांग।

सीएचसी धमधा में कलेक्टर द्वारा 34 अधिकारी, कर्मचारी का एक दिवसीय वेतन रोकने की आदेश को तत्काल निरस्त करे। जिला चिकित्सालय दुर्ग में जिन स्टॉफ नर्सो का वेतन वृद्धि रोकने के आदेश किये गए, उस आदेश को निरस्त करने और दर्जनभर अधिकारी व कर्मचारियों का नियम के विरुद्ध किये गए स्थानांतरण आदेश को निरस्त करने की मांग की गई हैं।

---

**वित्त वर्ष में दो कब्जाधारियों से दो एकड़ जमीन और 660 अवास खाली कराए**

# प्रवर्तन टीम ने लाइसेंसी आवासों को खाली कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा द्वारा जारी अवैध कब्जा हटाओ अभियान के तहत शनिवार को सेक्टर-4 में तीन लाइसेंसी आवासों से अवैध कब्जाधारियों को बेदखल कर आवंटी आवास धारक तथा रखरखाव कार्यालय को सुपुर्द किया गया। यह कार्यवाही संपदा न्यायालय के आदेश पर की गई।

सेक्टर-4 स्थित 9 ई-26-4 आवास को लाइसेंस पर ए मनीषा को, 11एच-26-4 आवास को शिवलाल ठाकुर को तथा 11 एफ-26-4 आवास को सरस्वती कहार को आवंटित किया गया था, जिन पर अवैध कब्जा कर रहने वाले कब्जाधारियों के विरूद्ध प्रवर्तन टीम ने खाली कराया।



बीएसपी की संपत्ति पर कब्जा करने वाले भू-माफियाओं, अवैध कब्जाधारियों, अवैध रिटेंशनधारियों तथा अनफिट आवासों पर से कब्जाधारियों की बेदखली कार्यवाही नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग की टीम द्वारा पीएचडी विभाग, पुलिस विद्युत विभाग, सिविल विभाग, संपदा न्यायालय के कर्मचारियों के सहयोग से जारी है। बीएसपी के मेल में बताया गया कि वित्त वर्ष में कुल 784 बीएसपी क्वॉटर अवैध कब्जेधारिओं से खाली करवाया गया है।

सम्पदा न्यायलय के द्वारा अवैध कब्जेधारियों के विरुद्ध पारित 323 डिक्री आदेश का क्रियान्वयन किया गया । यह एक रिकार्ड है। दो एकड़ जमीन और 660 आवासों को भी बिजली पानी कनेक्शन काट कर कब्जाधारियों से खाली कराया गया। पांच सौ से अधिक अवैध स्ट्रक्चर तोड़े गए और 225 से अधिक अवैध ठेलो को जप्त किया गया1 लगभग 6620 अवैध बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स टाउनशिप के मुख्य तथा अन्य मार्गो से हटाया गया।

---

# कॉपर चोरी मामले में भाजपा पार्षद समेत 4 गिरफ्तार, भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



इस्पात संयंत्र से 1.32 लाख रुपए कीमत का कापर तार चोरी करने के मामले में पुलिस ने पार्षद समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया। उनसे पास से करीब 220 किलो कॉपर तार जब्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। भट्ठी पुलिस ने बताया कि सीआईएसएफ के उप निरीक्षक कॉपर चोरी की सूचना दी। 24 अप्रैल को मेनगेट में संदिग्ध व्यक्ति को पूछताछ के लिए रोका गया। व्यक्ति के पास गेट पास था। अपनी टाटा नैनो कार से संयंत्र से बाहर जाने के लिए मेनगेट के आउट गेट पर आया था। जांच के दौरान आरोपी बाहर की ओर भागने लगा। सीआईएसएफ ने उसे पकड़ा। इसके बाद आरोपी की पहचान परमेश्वर पिता मुरलीधर देवदास उम्र- 37 वर्ष निवासी रिसाली बस्ती के रूप में हुई।

उसके पास से कर्मचारी संजय कुमार पद- एसीटी, विभाग यूआरएम के नाम का मूल गेट पास मिला। कार में करीब 220 किग्रा कापर रखा था। आरोपी परमेश्वर ने लक्ष्मी तांडी, हर्ष देशमुख और योगेश विश्वकर्मा के साथ मिलकर चोरी करने की जानकारी दी। चोरी किए माल को पूर्व में शत्रुहन के माध्यम से सुपेला के कैलाश बर्तन वाले के पास बेचना बताया। इसके बाद सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपियों में लक्ष्मी तांडी जोरातराई, हर्ष देशमुख ऊर्फ पुष्पेंद्र ऊर्फ चाकलेटी स्टेशन मरोदा, योगेश विश्वकर्मा स्टेशन मरोदा शंकर पारा निवासी बताए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### धान सूखत की भरपाई सरकार करें

**राजनांदगांव।** जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ राजनांदगांव मोहला-मानपुर व खैरागढ़ संयुक्त जिला के पदाधिकारी आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन से राजनांदगांव में मुलाकात की। मुलाकात में मांग किए हैं कि छत्तीसगढ़ सरकार के धान खरीदी नीति के अनुसार नवंबर 24 से धन खरीदी किया गया है, जो आज अप्रैल 2025 तक उठाव नहीं हो पाया है। तेज गर्मी के कारण धान खुले आसमान के नीचे पड़े रहने से प्रति बोरी में दो से तीन किलो धान में वजन कम आ रही है। जिसके लिए जिला प्रशासन समिति प्रबंधक को दोषी ठहराकर नोटिस जारी कर रही है। जबकि छत्तीसगढ़ सरकार ने 28 फरवरी तक संपूर्ण धान उठाव का वादा किया था। आदेश जारी भी किया था। उसके पश्चात सूखत की भरपाई सरकार करेगी। ऐसा पत्र जारी कर गत आंदोलन में हमें आश्वस्त किया गया था और हमसे धान खरीदी करवाया गया। धान खरीदी संपन्न होने के बाद आज तक धान का उठाव नहीं हुआ है और वजन शॉर्टेस्ट की भरपाई हमसे करने की नोटिस जारी कर रहे हैं, जो सरकार का दोषपूर्ण निर्णय है। ज्ञापन देने के समय संयुक्त जिला अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष किशुन देवांगन, खैरागढ़ जिला अध्यक्ष यशवंत वर्मा, संरक्षक रूपनारायण हिरवानी, प्रकाश भैसारे, महामंत्री संतोष साहू, उपाध्यक्ष एवं तीनों जिला के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### कन्या स्कूल जाने वाले मार्ग में मिला शव

**गंडई पंडरिया।** नगर के शासकीय कन्या स्कूल जाने वाले मार्ग में बने मणिकंचन केंद्र के बॉउंड्री के पास लोगों ने सुबह लगभग 5 और 6 बजे के बीच एक व्यक्ति को मृत अवस्था में देखा।घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। यह खबर नगर में फैली, तब जानकारों ने देखकर बताया कि मृतक चंदूमल उर्फ राजेन्द्र राजपूत 50 वर्ष निवासी गंडई है। मौके पर परिजन आए और 112 को इसकी सूचना दिया गया। शव को गंडई हास्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने पोस्टमार्टम किया और दोपहर में शव परिजनों को सौंप दिया गया। देर शाम को अंतिम संस्कार किया गया। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर ने बताया कि मृतक के अंग जांच के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने पर ही तय हो पाएगा कि मौत का पुख्ता क्या कारण था।

### नीरज पैरेंट्स प्राइड में समर क्लासेस आज से

**राजनांदगांव।** नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग में इस वर्ष भी सभी स्कूलों के बच्चों के लिए समर क्लासेस 28 अप्रैल से आरंभ होकर 26 मई तक चलेगी। इस समर क्लासेस में बच्चों के लिए स्पोकेन इंग्लिश एंड ग्रामर, इंग्लिश एवं हिंदी रीडिंग एंड हेंड राइटिंग, ड्राईंग, डांस, क्रॉस फीट/ जुम्बा, सिंगिंग वोकल म्युजिंग आदि क्लासेस लिए जा रहे हैं। इन कक्षाओं के लिए सुबह 7 से 11 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसके लिए रजिस्ट्रेशन 21 अप्रैल से ही शुरू किया गया है। समर क्लास की इसी कड़ी में कक्षा नर्सरी से केजी-2 के बच्चों के लिए गर्मियों की छुट्टियों नन्हे-मुन्नों की दुनिया तीन से पांच साल तक के बच्चों के लिए के अंतर्गत आर्ट एंड क्राफ्ट, स्टोरी टेलिंग, टेबल मेनर्स, फन गैम्स, हैंड राइटिंग, म्युजिक एंड डांस इत्यादि कक्षाएं ली जाएगी।

**विरोध**

**पीएम मोदी ने मन की बात पर आम जनता को किया उत्साहित**

# आतंकवाद की लड़ाई में देश की एकता सबसे बड़ी ताकत, नक्सली होंगे पस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रविवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 121 वें एपिसोड प्रसारित हुआ । नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा की अगुवाई में शहर के भाजपा नेता व पार्षदों ने सिंगोरी वार्ड के भाजपा कार्यकर्ता के घर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी ।इस दौरान श्री मोदी ने कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि आज मैं मन की बात कर रहा हूं लेकिन मेरे मन में पीड़ा है मुझे दुख है। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने देश के हर नागरिक को दुख पहुंचाया है और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश की एकता और 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता सबसे बड़ी ताकत है।उन्होंने कहा न्याय जरूर होगा आतंकियों ने जो कायरता पूर्ण कार्य को अंजाम दिया है उसको हम छोड़ेंगे नहीं हर मोर्चे पर देंगे उनको शिकस्त। पीएम मोदी ने कहा कि पहलगाम में हुआ आतंकी हमला आतंक के सरपरस्तों की हताशा और कायरता को दिखाता है। उन्होंने कहा कि जब कश्मीर में



शांति लौट रही थी, स्कूल-कॉलेजों में एक वाइब्रेंसी थी, निर्माण कार्यों में अभूतपूर्व गति आई थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही थी, लोगों की कमाई बढ़ रही थी, युवाओं के लिए नए अवसर तैयार हो रहे थे, तब दुश्मनों को यह रास नहीं आया। अपने मन की बात के दौरान पीएम मोदी ने देश के महान वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि दी, जिनका हाल ही में निधन हो गया था। उन्होंने कहा कि डॉ. कस्तूरीरंगन ने विज्ञान, शिक्षा और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाई देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण पर जोर देते हुए कहा प्रकृति की हरियाली के लिए पेड़ लगाना जरूरी है।पीएम मोदी ने लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाने का आग्रह किया और कहा कि हर किसी को अपनी मां के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए । इस अवसर पर पूर्व ज़िला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, मोंटी साहू , पंचू साहू, नीतू कोठारी नीलू राजपूत ,दोहाई वर्मा, शेखर वर्मा ,युगल देवागन, संतोष वर्मा, राजू देवागन ,धर्मेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओ मौजूद रहे।

## भरचट्टी में अंगना मां शिक्षा एवं पढ़ई तिहार मनाया गया

**बेमेतरा।** विकास खण्ड बेरला के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला भरचट्टी में समर कैंप समापन, अंगना माँ शिक्षा एवं पढ़ई तिहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के माता सहित पहली में नवप्रवेशी बच्चों के माता-पिता को भी सम्मिलित किया गया। विभिन्न प्रकार के काउंटर बनाकर गतिविधियां करवाई गई। जो



नवप्रवेशी बच्चा विभिन्न चुनौतियों को सबसे पहले पार किया उनके माता सुमन निषाद को स्मार्ट माता के रुप में ताज पहनाकर, उपहार देकर सम्मानित किया गया। बच्चों की पहली गुरु माता ही होती हैं। इसलिए माताओं से विशेष अनुरोध है कि वे अपने बच्चों को घरेलू सामान का उपयोग करते हुए अंक ज्ञान, वर्गीकरण, तुलना करना, नैतिकता आदि प्रारंभिक शिक्षा देवें। बच्चों को मां से विशेष लगाव रहता है। और अपनी बातों को वह खुलकर सामने रख सकता हैं। जब स्कूल और घर दोनों में ही शिक्षा का माहौल रहेगा तभी बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सकता है। बच्चों के विकास के लिए शिक्षक, माता-पिता की जिम्मेदारी एवं घर का परिवेश अनुकूल होना अति आवश्यक है। पांच दिवसीय समर कैंप में बच्चों को पढ़ाई को जोड़ने व रुचिकर बनाने के लिए अनुपयोगी वस्तुओं से सजावटी सामान बनाना, मिट्टी के खिलौने बनाना, पेंटिंग करना, योगाभ्यास, खेल-कूद सीखाया गया। बच्चों को अंकसूची बांटकर कार्यक्रम का समापन किया गया।कार्यक्रम में संकुल समन्वयक पंचराम मरकाम, प्रधान पाठक नीलकंठ साहू, शत्रुघ्न लाल ठाकुर, नीतू परगनिया, हीरकणी साहू, आशीष पांडेय, तरुण साहू, शिवकुमार मुक्ति, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मंजूलता राजपूत, बसंती पाटिल, देमेश्वरी राजपूत सहित सेवती, पद्मा, भगवंतिन सुनीता आदि माताएं एवं बच्चें उपस्थित रहें।

## पहलगाम हिंसा पर जताया आक्रोश व मारे गए पर्यटकों को दी गई श्रद्धांजलि

**बेमेतरा।** सर्व समाज ने नगर के जय स्तंभ चौक में कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 28 बेगुनाह लोगों के नृशंस हत्या का विरोध करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई सर्वप्रथम सभी ने मृतात्माओं के शांति के लिए 2मिनट का मौन धारण किया उसके पश्चात समाज प्रमुखों के द्वारा श्रद्धांजलि के रूप में अपने अपने विचार व्यक्त किए गए सिंधी समाज के प्रकाश शीतलानी ने कहा कि हम मृतकों और उनके परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते है वहीं साहू समाज से शत्रुघन साहू ने इस घटना की घोर निंदा करते हुए कहा कि पूरे देश को एकमत एकजुट होकर आवाज उठानी है , सिक्ख समाज के अध्यक्ष सरदार गुरुदयाल सिंह चावला ने कहा कि इसमें शामिल दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए उनके खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाए जाएं, समाज सेवी ताराचंद माहेश्वरी ने कहा कि ये सिर्फ 28 लोगों के परिवार की क्षति नहीं है बल्कि पूरे राष्ट्र की क्षति है, अजय शर्मा ने कहा कि सरकार को अब किसी सबूत का इंतजार नहीं करना



चाहिए आतंकियों ने धर्म पूंछ पूंछ कर कर लोगों को मारा है वैसे ही अब उनके साथ होना चाहिए हर्षवर्धन तिवारी ने कहा कि ये आपसी भाई चारा की बात करते करते वो हमारी गर्दन ही काट रहे हैं , हिन्दुओं को अब एकजुट होना चाहिए, पूर्व पार्षद मनोज शर्मा ने कहा कि हम सभी सरकार के साथ हैं सरकार दोषियों के प्रति कड़ी से कड़ी कार्यवाही करे!

{धी समाज से रेखा खिलयानी ने भी मृतात्माओं के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने कहा कि ये आतंकवादी हमला नही बल्कि ये हिंदुओं का नरसंहार है और ये अब बिल्कुळ नहीं बर्दाशत किया जाएगा इस सभा के माध्यम से उन्होंने सरकार को इसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की श्रद्धांजलि सभा के अंत में सभी ने मृतात्माओं को मोमबत्ती जला कर श्रद्धांजलि अर्पित की इस कार्यक्रम में घनश्याम अग्रवाल ,दीपक मोटवानी , नीलू छाबड़ा, संगम दुबे,नलेश्वर साहू , मंजीत सलूजा मनोज शर्मा रोशन दत्ता बलवंत गुंबर जसवीर गुंबर जोगेंद्र छाबड़ा, प्रितपाल छाबड़ा दत्ता ,सिंधी समाज से महिला शक्ति एवं राजेंद्र साहू और व्यापार मेला टीम से जगजीत सिंह ,गोविंद साहू , अमित यादव फनी राव राजीव भुवाल दारा अग्रवाल मौजूद रहे।

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में कैंडल मार्च निकाल कर दी श्रद्धांजलि

**देवकर।** कश्मीर के पहलगाम पर्यटक स्थल में देश के विभिन्न क्षेत्रों से घूमने गए 26 बेकसूर भारतवाशी को आतंकवाद के पनाहगार पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों के हाथों जान गंवानी पड़ी। धर्म




पूछकर कपड़े उतारकर परिवार के सामने छोटे छोटे बच्चों के सामने गोली मारकर निर्मम हत्या की गई। इस नृशंस नरसंहार की घटना से उद्वेलित होकर देवकर नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे के नेतृत्व में नगर वासी एवं कई अन्य धर्म समिति की मौजूदगी पर नगर के हृदय स्थल गांधी चौक मैदान से कैंडल मार्च निकाला गया जो नगर के मुख्य मार्ग से होकर प्रवेश द्वार से लगा हुआ धर्म ध्वज चौक के नीचे समाप्त हुआ। राह पर मिलने वाले नागरिक भी स्व स्फूर्त शामिल होकर रैली में अपना गुस्सा वयक्त करते हुए मृतक परिवार पर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। कैंडल के साथ साथ युवकों के द्वारा आतंकवाद विरोधी नारे लिखे हुए तख्ती भी हाथ में लिए हुए थे। दुर्ग - बेमेतरा मुख्य सड़क राज्य मार्ग पर प्रतीक स्वरूप आतंकवादी का पुतला दहन भी किया गया इस दौरान युवकों के द्वारा पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद, हम सब एक है नारा के माध्यम आतंकीt पुतले पर लात घुसा मार कर आक्रोश व्यक्त लिया गया। कैंडल मार्च में शामिल नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे ने एक धर्म विशेष की हत्या, मानवता के खिलाफ है कहकर भावना व्यक्त किया। वही वरिष्ठ आरटीआई कार्यकर्त्ता लोचन सिंह ठाकुर ने प्रधानमंत्री से मांग की कि अब निर्णायक युद्ध का समय आ गया है ।युवा पत्रकार जितेन्द्र राजपूत ने इस घटना को बहुत ही दुखद बताया और कहा कि हर हिन्दुस्तानी जो कश्मीर में है या पर्यटक बन कर जा रहे हैं उन सभी को आत्मरक्षा के लिए सरकार सब को हथियार दे जिससे वो अपनी सुरक्षा खुद भी कर सके अंत में समापन स्थल धर्म ध्वज चौक के नीचे जान गंवाने वाले 26 लोगों की स्मृति में 26 दीप जलाकर दिवंगत आत्माओं को दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई। आक्रोश रैली में बड़ी संख्या में नगरवासी युवा संगठन के साथ साथ धर्म धवज समिति, गौ रक्षक समिति एवम धर्म जागरण समिती की भी सहभागिता रही।

## लोर नदी के पास सजीं सब्जियों की दुकानों में जमकर हो रही बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेरला से राजधानी रायपुर मार्ग पर ग्राम गबदा-पिरदा के बीच लोर नदी पर बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्थानीय ग्रामीण मौसमी फल की दुकान लगाकर अपनी आजीविका चला रहे है, जिसमे रोजाना बड़ी संख्या में राहगीर फल खरीदते नज़र आ रहे है।

दरअसल बेरला से रायपुर के लिए प्रतिदिन हजारो की तादाद में क्षेत्रवासियों का लगातार आवागमन बना रहता है जो खारुन नदी की सहायक लोर नदी के आगे स्थानीय इलाके के 02-03 दुकानदार ताज़ा मौसमी फलों व ताज़ी सब्जियों का स्टॉल लगा रहे है। जिसमे अधिकांश मौसमी फलों को स्थानीय बेरला अंचल के ही बाड़े व फल बगीचों से थोक में जाकर खरीदकर बेचने के



लिए सजा रखे है। फिलहाल गर्मी के सीजन के हिसाब से इन फल व सब्जी विक्रेताओं के पास मौसमी फल के रूप में विभिन्न प्रजाति के आम, अंगूर, एप्पल, केला, सन्तरा, अन्नानास, अनार, तरबूज, खरबूज, शकरकंद, खीरा एवं अन्य कई प्रकार की सब्जियां सड़क पर दुकान लगाकर सीधे बेच रहे है, जिससे अब यह इलाका पूरे क्षेत्र में काफी लोकप्रिय भी हो रहा है। इस सम्बंध में एक स्थानीय दुकानदार बल्लूराम निषाद ने बताया कि पहले हम गाँव मे मजदूरी करते थे, फिर धीरे से सड़क मार्ग पर स्थानीय बाड़ो से सब्जियां खरीदकर दुकान लगाने लगे फिर मौसमी फलों की डिमांड को देखतव हुए करीब दर्जनभर वेराइटी के फलों को।रोजाना बेच रहे है जिसमे सबसे खास बात कि यह है कि इसमे ज्यादातर फल व सब्जी स्थानीय स्तर पर बिना केमिकल व हानिकारक उर्वरको के जैविक रूप से तैयार किया जाने वाला फल व सब्जी है, जिसे खाने पर ताजगी के साथ सेहत के लिए भी फायदेमंद रहता है।

**पुराने मकानों की छतें उड़ने लगीं और दीवारों को आंशिक रूप से क्षति पहुंची**

## अंधड़ चली, पेड़ एवं होर्डिंग गिरे बाजार में मची अफरा-तफरी और बिजली बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

रविवार शाम नवागढ़ नगर और आसपास के क्षेत्रों में अचानक मौसम ने करवट ली। भीषण गर्मी के बाद करीब पाँच बजे तेज आधी-तूफान के साथ धूलभरी हवाएँ चलीं और कुछ ही देर में हल्की बारिश शुरू हो गई। इस दौरान तेज गरज और बिजली की चमक से वातावरण और भी डरावना हो गया। नगर के मुख्य बाजार, बस स्टैंड और विभिन्न मोहल्लों में तेज हवाओं के चलते कई स्थानों पर होर्डिंग्स और पेड़ गिर गए।



तेज आंधी और गरज के चलते नगर में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई, जिससे करीब दो घंटे तक अंधेरा छाया रहा। प्रमुख चौक-चौराहों और गलियों में बिजली बंद होने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई इलाकों में तो लोग सुरक्षित स्थानों की तलाश में भागते हुए नजर आए। खासकर बाजार और दुकानों में काम कर रहे लोग अचानक अंधेरे में घिर गए। कुछ स्थानों पर तो गरज के साथ बारिश और हवाओं ने माहौल को और भी भयावह बना दिया। मौसम की इस अचानक खराबी ने कच्चे मकानों को भी नुकसान पहुँचाया। कई पुराने मकानों की छतें उड़ने लगीं और दीवारों को आंशिक रूप से क्षति पहुँचने की खबरें सामने आईं।

### अफरा-तफरी का माहौल

स्थानीय दुकानदार रूपेश यादव ने बताया, /"अचानक आई आंधी से बाजार में भगदड़ मच गई। कई दुकानों के टीन शेड उड़ने लगे। बाजार का सामान खराब होने लगा।/" वहीं राहगीर सुरेश साहू ने कहा, /"तेज हवा में धूल का गुबार इतना था कि कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। लोग इधर-उधर भागते नजर आए। चाय के खोमचे वाले राजेंद्र ने बताया, /"हवा इतनी तेज थी कि मेरे खोमचे का पूरा सामान गिरकर बिखर गया। सभी ग्राहक अचानक बाहर की ओर दौड़ने लगे।

### प्रशासन की सक्रियता और चेतावनी

जहां एक ओर बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी, वहीं आंधी-तूफान ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटे में फिर से तेज हवाओं और बारिश की संभावना जताई है। प्रशासन ने नागरिकों से सतर्क रहने, खुले स्थानों में खड़े न होने और सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने की अपील की है।

## आंगन मां शिक्षा कार्यक्रम से स्कूल में शिक्षा के माहौल में प्रबल गुणात्तमक विकास होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शुक्रवार को शासकीय प्राथमिक शाला खपरी धोबी विकासखण्ड साजा मे अंगना माँ शिक्षा कार्यक्रम का

- प्राथमिक शाला खपरी के कार्यक्रम में बच्चे को साथ लेकर आई गांव की माताएं

आयोजन रखा गया। जिसमें गांव की माताऐं बढ़िया रुचि दिखाते हुई कार्यक्रम में भाग लिए। जैसे गांव की माताएं स्कूल प्रांगण में पहुंची तो अंगना माँ शिक्षा कार्यक्रम की स्कूल स्तर प्रभारी विजय लक्ष्मी रावत ने सभी का गुलाल लगाकर स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम कक्ष में सादर अभिवादन के साथ बैठाई।



तत्पश्चात मां सरस्वती की पूजा अर्चना कराई। पुनः गुलाल से सभी महिलाओं का स्वागत सम्मान किया गया। आयोजक संस्था प्रमुख शाला परिवार की ओर से कार्यक्रम मे उपस्थित होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और खुशी जाहिर किया। माताएं अब सक्रिय और जागरूक हो रही है और अपने उद्बोधन में कहा नन्हे बच्चों की पहली गुरू आप माताएं है, इसलिए शिक्षा विभाग आप सबको इस अंगना माँ शिक्षा कार्यक्रम के माध्यम से जोड़ने का प्रयास कर रहा है बीआरसी साजा- बी डी बघेल ने उद्बोधन देते हुए कहा अंगना माँ शिक्षा कार्यक्रम से तात्पर्य बच्चों को हम स्कूल में भी घर सा माहौल दे और घर में स्कूल सा माहौल प्रदान करें। ताकि बच्चे खेल खेल मे हंसते गाते मम्मी और शिक्षक शिक्षिका से पढ़ना लिखना सीख ले।

इसी कड़ी में विद्यालय की शिक्षिका विजय लक्ष्मी ने कहा हम सबको मिलकर बच्चों के हित मे काम करना है। बच्चे गिली मिट्टी के समान है इसे मूर्त देना पालक शिक्षक का कर्तव्य है। इस दौरान प्रधान पाठक धनेश रजक, सहायक शिक्षक थुकेल राम तारम, विजय लक्ष्मी रावत, रूखमणी सेन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता किरण निर्मलकर, सहायिका पुष्पा निर्मलकर, सुरेखा निर्मलकर, पुनिता निर्मलकर विद्या निर्मलकर, नितिन निर्मल और नन्हें सभी बच्चे उपस्थित रहे।



